Ans. (a) –1857 के विद्रोह के समय जोधपुर के महाराजा 'महाराज तख्त सिंह' थे, जिनका शासन काल (1843 से 1873) तक था। जोधपुर साम्राज्य की स्थापना राव जोधा द्वारा वर्ष 1459 ई. में की गयी थीं।

महाराजा गज सिंह	–	1619 से 1638 तक
महाराजा अभय सिंह	–	1724 से 1749 तक
महाराजा बख्त सिंह	–	1751 से 1752 तक
महाराजा राम सिंह	–	1753 से 1772 तक
महाराजा मान सिंह	–	1803 से 1843 तक
महाराजा तख्त सिंह	–	1843 से 1873 तक
महाराजा जसवंत सिंह-II	–	1873 से 1895 तक

533. किस शासक ने 1857 के युद्ध में सेना का नेतृत्व स्वयं किया?

(a) कुशलसिंह -आऊवा
(b) सरदार सिंह -बीकानेर
(c) दलपतसिंह-प्रतापगढ़
(d) रणजीतसिंह भाटी-जैसलमेर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (b) – बीकानेर के महाराज सरदार सिंह राजस्थान के अकेले ऐसे शासक थे जो सेना को लेकर विद्रोहियों को दबाने के लिए राज्य से बाहर भी गये थे। महाराजा ने पंजाब में विद्रोह को दबाने में अंग्रेजों को सहयोग किया। महाराजा ने अंग्रेजों को शरण तथा सुरक्षा भी प्रदान की।

534. 1857 की क्रांति के समय कोटा में प्रमुख नेता जयदयाल तथा मेहराव खाँ क्रमशः कहाँ के निवासी थे?

(a) मथुरा, धौलपुर (b) मथुरा, करौली
(c) धौलपुर, कोटा (d) कोटा, झालावाड़

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (b) – वर्ष 1857 की क्रांति के समय कोटा में प्रमुख नेता जयदयाल तथा मेहराव खाँ क्रमशः मथुरा और करौली के निवासी थे। 1857 के विद्रोह समय लाला जयदयाल कोटा के विद्रोहियों के प्रमुख नेता थे। कोटा के महाराव द्वारा इनकी गिरफ्तारी के लिए 10,000 रुपये इनाम की घोषणा की गई थी। इसी प्रकार रिसालदार मेहराब जान को विद्रोहियों का साथ देने के कारण 1860 ई. में फाँसी पर लटका दिया गया था।

535. 1857 की क्रांति के समय मेजर स्पोटिसवुड तथा कर्नल न्यूबारी की हत्या किस छावनी में की गयी थी?

(a) नीमच (b) ब्यावर
(c) नसीराबाद (d) खैरबाड़ा

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) – वर्ष 1857 की क्रांति के समय मेजर स्पोटिसवुड तथा कर्नल न्यूबारी की हत्या नसीराबाद छावनी में की गयी थी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में वर्ष 1857 के विद्रोह की शुरुआत 28 मई, 1857 को नसीराबाद छावनी में 15वीं बंगाल नेटिव इंफ्रेंट्री के सैनिकों द्वारा की गई थी।

536. 1857 विद्रोह के समय जोधपुर के महाराजा तख्तसिंह ने किसके नेतृत्व में सेना अजमेर भेजी?

(a) कुशल राज सिंधवी (b) अर्जुनसिंह
(c) राव रामचन्द्र (d) हीरालाल

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) – 1857 के विद्रोह के समय जोधपुर के महाराजा तख्त सिंह ने कुशल राज सिंधवी के नेतृत्व में अजमेर सेना भेजी। राजस्थान में 1857 के सैनिक विद्रोह की शुरूआत नसीराबाद छावनी में 28 मई, 1857 को 15वीं बंगाल नेटिव इंफ्रेंट्री सैनिकों द्वारा की गई।

537. 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम में कोटा महाराव की सहायता के लिए किस राज्य ने सैनिक सहायता भेजी थी?

(a) बूंदी (b) करौली
(c) झालावाड़ (d) जयपुर

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – कोटा में राजकीय सेना व आम जनता ने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष किया। 15 अक्टूबर 1857 को कोटा की सेना ने रेजीडेंसी को घेरकर मेजर बर्टन की हत्या कर दी। कोटा के जन सामान्य में भी अंग्रेजों के विरूद्ध तीव्र आक्रोश था। करौली राज्य से सहायता मिलने पर महाराजा के सैनिकों ने क्रांतिकारियों को गढ़ से खदेड़ दिया।

538. जोधपुर राज्य के किलेदार ....को 1857 में आहुवा में क्रांतिकारियों ने मौत के घाट उतार दिया।

(a) अनार सिंह (b) अमर सिंह
(c) तख्त सिंह (d) मैंक मेसन

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (d) – 1857 की क्रांति के समय जोधपुर का किलेदार (रेजीडेंस) मैक मैसन था। लारेंस एवं मैसन के नेतृत्व वाली सेना को विद्रोही सैनिकों ने पराजित कर दिया। 18 सितंबर 1857 को हुए इस युद्ध को 'चेलबास का युद्ध' एवं कालेगोरे का युद्ध कहा जाता हैं मैक मेसन का सिर काटकर विद्रोहियों ने आउवा के किले पर लटका दिया।

539. 1857 की क्रान्ति के समय नसीराबाद छावनी में कौनसी नेटिव इन्फेन्टरी नियुक्त थी-

(a) 15वीं
(b) 72 वीं
(c) 34 वीं
(d) 7 वीं

ॅ शर्म्हिर्म्द अज्त्दर्ई 21.8.2016

Ans. (a) – 1857 की क्रांति के समय नसीराबाद छावनी में 15वीं एवं 30वीं नेटिव इन्फैन्ट्री नियुक्त थी। राजस्थान में नसीराबाद प्रथम स्थल था जहाँ 28 मई, 1857 ई. को विद्रोह प्रारम्भ हुआ। 28 मई, 1857 ई. को नसीराबाद में 15वीं नेटिव इन्फैंट्री के सैनिकों ने विद्रोह कर दिया। 3 जून, 1857 ई. को नीमच के सैनिकों ने भी विद्रोह कर दिया।

540. कौनसा कूट सुमेलित नहीं है-

	राज्य		पोलिटिकल एजेन्ट
(i)	उदयपुर	-	सी.एल. शावर्स
(ii)	कोटा	-	मेजर बर्टन
(iii)	जयपुर	-	मेजर लारेंस
(iv)	भरतपुर	-	मेजर मॉरिसन

(a) (i) (b) (ii)
(c) (iii) (d) (iv)

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016